# प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 02 .12.23

**थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा 02 शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से दिल्ली से चोरी की गयी एक स्कूटी बरामद**

दिनांक 02.12.23 को थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर दो शातिर वाहन चोर 1.प्रेम सिंह उर्फ बन्टी पुत्र गोपाल निवासी गुरूद्वारा रोड मूवी मैजिक के सामने थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 22 वर्ष, 2. जोगेन्द्र उर्फ सुमित पुत्र कैलाश चौहान निवासी गली नं 02 मूवी मैजिक के सामने गुरूद्वारा रोड थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 28 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से दिल्ली से चोरी की एक स्कूटी सूजूकी रंग काला बरामद हुयी। पूछताछ करने पर अभियुक्त गण ने बताया कि उन्होने ये स्कूटी कुछ दिन पहले ही कसाना चौक करावल नगर दिल्ली से चोरी की थी। गिरफ्तार अभियुक्त गण के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**–

1.प्रेम सिंह उर्फ बन्टी पुत्र गोपाल निवासी गुरूद्वारा रोड मूवी मैजिक के सामने थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 22 वर्ष,
2. जोगेन्द्र उर्फ सुमित पुत्र कैलाश चौहान निवासी गली नं 02 मूवी मैजिक के सामने गुरूद्वारा रोड थाना लोनी बोर्डर गाजियाबाद उम्र करीब 28 वर्ष,

**बरामदगी का विवरण-**

चोरी की एक स्कूटी

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम**:-

थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम

**थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी कर फोन-पे के माध्यम से 50 हजार रुपये निकालने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी का मोबाइल व जिसका प्रयोग कर ट्रांजेक्शन से प्राप्त रुपयों में से 5000 रुपये बरामद**

दिनांक 01.12.23 को थाना लोनी बोर्डर पर वादी श्री रामबाबू S/O आशाराम नि0 गली न0 2, संगम विहार थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद ने तहरीर दी कि उसके पड़ोस में रहने वाले सोनू द्वारा घर से मोबाइल फोन चोरी करके ले जाने व फोन का प्रयोग कर फोन पे द्वारा धोखाधड़ी से 50,000 /- रुपये निकाल लिये गये है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना लोनी बोर्डर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया।

दिनांक 01.12.23 को थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मोबाइल चोरी कर धोखाधडी से 50 हजार रुपये निकालने वाले अभियुक्त सोनू पुत्र विशन बाबू नि0 गली न0 2 संगम विहार थाना लोनी बोर्डन जिला गाजियाबाद उम्र 31 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से ट्रांजेक्शन से प्राप्त रुपयों में से 5000/- रुपये बरामद। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि मैनें रामबाबू S/O आशाराम नि0 गली न0 2, संगम विहार थाना लोनी बार्डर गाजियाबाद का मोबाईल चोरी किया था, उस मोबाइल के माध्यम से मैंने SBI ग्राहक सेवा केंद्र की संचालिका के मोबाइल नम्बर पर धोखाधड़ी से 50,000 /- रुपये ट्राँसफर किये थे और संचालिका से 50,000/- रुपये कैश ले लिया था। मेरे पास से जो पैसे बरामद हुए हैं वे उन्हीं पैसों में से बचे हुए थे बाकी पैसे में खर्च कर दिये है। उस मोबाइल को मैने डर के कारण संगम विहार के पास नाले में फेंक दिया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**–

सोनू पुत्र विशन बाबू नि0 गली न0 2 संगम विहार थाना लोनी बोर्डन जिला गाजियाबाद उम्र 31 वर्ष,

**बरामदगी का विवरण-**

ट्रांजेक्शन से प्राप्त रुपयों में से 5000/- रुपये,

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम।

**थाना लोनी बोर्डर पुलिस द्वारा एक शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल, एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद**

दिनांक 01.12.23 को थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में वाहन चोरी करने वाला एक शातिर वाहन चोर महेन्द्र पुत्र डोलीराम निवासी गड्ढा कॉलोनी नई पाईप लाईन थाना लोनी बोर्डर जनपद गाजियाबाद उम्र 45 वर्ष को गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से दिल्ली से चोरी की गयी एक मोटर साईकिल, एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि उसने यह मोटर कुछ दिन पहले ही दिल्ली से चोरी की थी तथा तमंचा को अपनी सुरक्षा व लोगो को डराने धमकाने के लिये पास रखता है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना लोनी बोर्डर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता**–
महेन्द्र पुत्र डोलीराम उम्र 45 वर्ष निवासी गड्ढा कॉलोनी नई पाईप लाईन थाना लोनी बोर्डर जनपद गाजियाबाद उम्र 45 वर्ष

**आपराधिक इतिहास-**
अभियुक्त के विरुद्ध थाना लोनी बोर्डर पर बरामदगी व आर्म्स एक्ट के 02 अभियोग तथा हरियाणा में चोरी के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

**बरामदगी का विवरण-**
चोरी की एक मोटर साइकिल,
एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**
थाना लोनी बोर्डर पुलिस टीम।

**थाना भोजपुर पुलिस द्वारा जानलेवा हमले के अभियोग में वांछित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 29.11.23 को थाना क्षेत्र भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम मछरी में गोभी के खेत में घुसकर अभियुक्तों द्वारा वादी पक्ष के साथ मारपीट कर गम्भीर रुप से घायल करने व सिर में चोट पहुंचाकर जान से मारने का प्रयास करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत किया गया था। दिनांक 30.11.23 को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्तगण 1. नासिर पुत्र अंसार अली, 2. आमीर अली पुत्र हसमत अली नि0गण ग्राम मछरी थाना भोजपुर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

आज दिनांक 02.12.23 को थाना भोजपुर पुलिस द्वारा उक्त अभियोग में वांछित अभियुक्त गण 1.अमरेज पुत्र जल्फिकार, 2. ईस्माईल पुत्र अमीर अली, 3.शहजवान उर्फ सज्जू पुत्र इरशाद निवासीगण ग्राम मछरी थाना भोजपुर गाजियाबाद को गिरफ्तार किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता-**
1. अमरेज पुत्र जल्फिकार निवासी ग्राम मछरी थाना भोजपुर गाजियाबाद
2. ईस्माईल पुत्र अमीर अली निवासी ग्राम मछरी थाना भोजपुर गाजियाबाद
3. शहजवान उर्फ सज्जू पुत्र इरशाद निवासी ग्राम मछरी थाना भोजपुर गाजियाबाद

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**
थाना भोजपुर पुलिस टीम।